संख्यावाचीविशेषण—संस्कृत भाषा में एक, दो, तीन चार शब्दों के रूप विभिन्न लिङ्गों, वचनों एवं कारकों में बदलते हैं। पाँच से आगे के शब्दों का लिङ्गके कारण परिवर्तन नहीं होता। यथा-त्रयः बालकाः, तिस्रः बालिकाः, त्रीणि पुस्तकानि।

प्रश्नवाचक वाक्यों के अनुवाद में अपि, वा, कथम्, किम्, कः, कियत्, कति आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है। त्वं कुत्र गच्छसि ? कः आगच्छति? कथं त्वं विलपसि?

6.वाच्य-संस्कृत में तीन वाच्य होते हैं—कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य एवं भाववाच्य। कर्त्तृवाच्य के कर्ता में प्रथमा, कर्म में द्वितीया, एवं क्रिया कर्त्ता के अनुकूल होती है। कर्मवाच्य के कर्त्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा तथा क्रिया का वचन और पुरुष कर्म के अनुसार होता है। भाववाच्य में कर्ता में तृतीया विभक्ति एवं क्रिया सदैव प्रथम पुरुष एकवचन में रहती है। इसमें क्रिया सदा अकर्मक रहती है। बालकः ग्रन्थं पठति (कर्तृवा०), बालकेन ग्रन्थः पठ्यते (कर्मवा०) बालकैः रुद्यते (भाववा०)।

7.प्रेरणार्थकक्रिया—कर्त्ता जब स्वयं कार्य न करके किसी से करवाता है, तब क्रिया को प्रेरणार्थक क्रिया और कर्त्ता को प्रेरक कर्ता कहते हैं। जिससे काम करवाया जाता है उसे प्रयोज्य कर्ता कहते है। प्रयोज्य कर्ता में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

छात्रः व्याकरणं पठति ।

गुरुः छात्रम् व्याकरणं पाठयति।

8.विभक्तियोंकेविशेषप्रयोग—संस्कृत के उपपद, द्विकर्मक धातु आदि के योग में विभक्तियों के विशेष प्रयोग मिलते हैं। क्रियाविशेषण में सर्वदा एकवचन, क्लीबलिङ्ग एवं द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है। अनिश्चयवाचक सर्वनाम या सार्वनामिक विशेषण 'कोई' (any) के लिए 'चन' और 'चित्' आदि प्रत्यय का प्रयोग होता है। सार्वनामिक विशेषण यह, वह के लिए इदम्, एतद् तथा तत् या अदस् शब्द का प्रयोग मिलता है।

संस्कृत अनुवाद के कुछ प्रमुख नियम इस प्रकार हैं—

1. संस्कृत में परोक्ष कथन नहीं होता है। अतः उसका अनुवाद प्रत्यक्ष कथन में रूपान्तरित करने के पश्चात् करना चाहिए।
2. दो या दो से अधिक विशेष्य पद यदि च (और) से जुड़े हों, तो संस्कृत में क्रिया द्विवचन या बहुवचन में होती है।
3. विशेष्य-पद वाक्य में एक से अधिक हों और सभी स्वतन्त्र रूप में प्रयुक्त हुए हों, तो क्रिया एकवचन में होती है।
4. कभी-कभी एकाधिक कर्ता होने पर क्रिया अपने निकटस्थ कर्ता के अनुसार हो जाती है।
5. यदि किसी वाक्य में तीनों पुरुषों में कर्त्ता विद्यमान हों तथा 'च' से जुड़े हों तो क्रिया उत्तम-पुरुष के अनुसार होती हैं, तथा बहुवचन का प्रयोग होता है। यदि वाक्य में प्रथम और मध्यम पुरुषों के कर्त्ता हो तो क्रिया मध्यम पुरुषमें तथा द्विवचन का प्रयोग होता है। यदि वाक्य में मध्यम और उत्तम पुरुष के कर्ता हो, तो कर्त्ता उत्तम पुरुष के अनुसार और द्विवचन में होगी। उदाहरण-

   अहम् त्वं मित्राणि च विद्यालयं गमिष्यामः
6. यदि वाक्यों में कई कर्त्ता हों तथा 'वा' के द्वारा विच्छिन्न हों, तो क्रिया अपने निकटस्थ कर्त्ता के अनुसार होती है। यथा—

   सीता त्वं वा तत्र गमिष्यसि।

   सीता वयम् वा तत्र गमिष्यामः।
7. उद्देश्य विधेय में प्रकृति-विकृति भाव सम्बन्ध रहने पर क्रिया सदा उद्देश्य के अनुसार रहती है।

   सुवर्णम् कुण्डलं भवति।

   प□च वृक्षाः नौका भवति।
8. वाक्य में विधेय का लिङ्ग, वचन और विभक्ति उद्देश्य के अनुसार होती है।
9. उद्देश्य और विधेय परस्पर निरपेक्ष हों तो विधेय का प्रयोग स्वतन्त्र रूप से होता है। यथा-गुणाः पूजास्थानम्।
10. उद्देश्य एवं विधेय परस्पर निरपेक्ष हों और दो वाक्य खण्डों में हों, तो उनका संयोजक 'यत्' और 'तद्' शब्द भी अपने-अपने विशेष्य के अनुसार भिन्न-भिन्न रहते हैं।
11. भूतकाल में अनुवाद बनाने के लिए यदि क्रिया के भूतकाल का रूप न याद हो, तो लट् लकार की क्रिया में 'स्म' लगा देना चाहिए।
12. 'अस्', 'कृ' और 'शक्' धातुओं के रूप याद रहने चाहिए। इनकी सहायता से भी वाक्यों का अनुवाद किया जा सकता है। त्वं हसनम् करोषि □ त्वं हससि।

2.6 अभ्यासकेप्रश्न(1)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. वे बालक पढ़ते हैं।
2. घोड़े दौड़ते हैं।
3. दो हाथी चलते हैं।
4. हम सब पूजा करते हैं।
5. तुम दोनों लिखते हो।
6. सैनिक देश की रक्षा करता है।
7. तुम सब खेलते हो।
8. कौन हँसता है ?
9. आप कहाँ जाते हैं ?
10. कोयल कूजती है।
11. वह जोर से हँसता है।
12. हम दोनों नाचते हैं।
13. रमेश और सुरेश गाते हैं।
14. लड़के आते हैं और लड़कियाँ जाती हैं।
15. आप क्यों नहीं पढ़ते हैं?
16. सीता अथवा गीता खाना पका रही है।
17. वह, तुम और मैं जापान चलेंगे ।
18. दो घोड़े चरते हैं।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (2)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. गुरु शिष्य को पढ़ाता है।
2. दूध से भात खाता है।
3. मुनि का शिष्य मार्ग पूछता है।
4. गाँव जाते हुए तृण को छूता है।
5. मैं विद्यालय जाता हूँ।
6. माली प्रत्येक लता हो सींचता है।
7. वन के समीप तालाब है।
8. राम के विना कोई रावण को नहीं मार सकता ।
9. शिष्य आसन पर बैठता है।
10. छात्र दस वर्ष तक अध्ययन करता है।
11. राजा चोर को दण्ड देता है।
12. अवन्ती के चारों ओर सुन्दर वाटिका है।
13. ज्ञान के बिना सुख नहीं है।
14. दीन पर दया करो।

15. राजा सिंहासन पर बैठा है।
16. नदी एक कोस तक टेढ़ी है।
17. गङ्गा और यमुना के बीच में अनेक नगर हैं।
18. मेरा गांव सरयू के समीप है।
19. हम ईश्वर को नमस्कार करते हैं।
20. परिश्रम के बिना विद्या नहीं होती है।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (3)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. श्याम गेंद से खेलता है।
2. राकेश लेखनी से लिखता है।
3. सीता राम के साथ वन चली गई।
4. राधा सीता के साथ जाती है।
5. साकेत पानी से मुँह धोता है।
6. कुम्हार डण्डे से चक्र चलाता है।
7. राष्ट्रपति विमान से जाते हैं।
8. पाँसों (अक्षों) से खेलता है।
9. देवदत्त आँख से काना है।
10. स्वर से राम के समान है।
11. वह पढ़ने के लिए रहता है।
12. जल के बिना मनुष्य जीवित नहीं रह सकता।
13. वह साबुन से मुँह धोता है।
14. एक महीने में इसने यह ग्रन्थ लिख डाला।
15. हाथी सूँड से पानी पीता है।
16. बालक घुटनों से चलता है।
17. जटा से तपस्वी प्रतीत होता है।
18. वह स्वभाव से मधुर है।
19. दस वर्षों में अध्ययन समाप्त हो गया।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (4)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. पिता पुत्र के लिए पुस्तकें लाता है।
2. हम पढ़ने के लिए विद्यालय जाते हैं।
3. विद्यालय शिक्षा देने के लिए होता है।
4. औषधालय दवा के लिए होता है।
5. राजा सेवक के लिए धन देता है।
6. वैद्य रोगियों के लिए दवा देता है।
7. राजा गरीबों को धन देता है।

8. शिक्षक छात्रों को पुस्तक देते हैं।
9. बालक को दूध अच्छा लगता है।
10. कलम लिखने के लिए होती है।
11. मैं धन की इच्छा नहीं करता हूँ।
12. राजा का कल्याण हो।
13. रोहित ने मुझसे एक हजार कर्ज लिया।
14. पिता पुत्र पर क्रोध करता है।
15. दान के लिए धन कमाता है।
16. मुनि मोक्ष के लिए ईश्वर का भजन करता है।
17. दुष्ट सज्जनों से द्रोह करते हैं।
18. माला मुझसे ईर्ष्या करती है।
19. बालक दूध के लिए रोता है।
20. आभूषणों के लिए सोना खरीदता है।
21. पेड़ से पत्ते गिरते हैं।
22. बालक शेर से डरता है।
23. गेहूँ के खेत से गाय को हटाता है।
24. बालक महल से गिरता है।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (5)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. हमलोग सिंह को मारें।
2. संस्कृत भाषा पढ़नी चाहिए।
3. गोपा को पुस्तकें लानी चाहिए।
4. साधुओं को प्रणाम करना चाहिए।
5. हमें अपने देश की सेवा करनी चाहिए।
6. सज्जनों को आचारवान् होना चाहिए।
7. हमें दूध पीना चाहिए।
8. बालकों का पोषण करना चाहिए।
9. छात्रों को नियमपूर्वक पढ़ना चाहिए।

अभ्यास

1. रमेश ने व्याकरण पढ़ा।
2. अध्यापक ने छात्रों को पढ़ाया।
3. रावण सीता को हर ले गया।
4. बालकों ने फुटबॉल खेला।
5. वह हमलोगों को भूल गया।
6. हमलोगों ने गुरुओं की सेवा की।
7. विद्यार्थियों ने निबन्ध लिखे।
8. सीता हँसी।

9. वह घर गया।
10. राम ने रावण को मारा।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (6)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. देवदत्त कल काशी गया।
2. बन्दर आया।
3. माधव यहाँ क्यों नहीं आया ?
4. कल्पना ने कल वहीं पढ़ा।
5. पूर्णिमा नहीं नाची ।
6. तुमने क्या खाया।
7. तुम दोनों खेले।
8. हनुमान् लङ्का गये।
9. राम की कथा वाल्मीकि ने कही।
10. राम और रावण में यु□ हुआ था।
11. राम ने रावण को मारा।
12. नल नाम के राजा हुए।
13. आज हम दिल्ली गए थे।
14. सिंह ने गाय को मार डाला।
15. कल मेरी परीक्षा समाप्त हो गई।
16. मेरे पिता कलकत्ता में रहते थे।
17. कालिदास ने रघुवंश महाकाव्य रचा था।
18. गत सप्ताह महाविद्यालय में संगीत प्रतियोगिता हुई थी।
19. रविवार को मेर घर में पूजा इुई थी।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (7)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. राम या श्याम वहाँ जाय।
2. अधिक भोजन त्याज्य है।
3. वह चोर है, इसीलिए भागता है।
4. कौन मुझपर अधिकार करेगा।
5. घर के पास नदी बहती है।
6. राम के समान भरत थे।
7. थोड़ा गर्म दूध पीओ।
8. राम और राघव पढ़ते हैं।
9. रात में चाँद चमकता है।
10. सुदर्शन नामक राजा थे।

अभ्यास

संस्कृत में अनुवाद करें:

1. राम और श्याम आज, कल और परसों क्या करेंगे?
2. संध्या और प्रातः बाहर घूमो।
3. मार्ग के दोनों ओर पेड़ हैं।
4. पिता के साथ पुत्र आता है।
5. आप देवों से बढ़कर हैं।
6. आजकल छात्र बहुत उपद्रव करते हैं।
7. वह गुरु को नमस्कार करता है।
8. संस्कृत के बिना ज्ञान अपूर्ण है।
9. आप तो आजकल पाटलिपुत्र में रहते हैं?
10. तुमको धिक्कार है, क्योंकि तुम गुरु की आज्ञा नहीं मानते हो।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (8)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. मैंने उसको देखा, मुझसे वह देखा गया।
2. सुरेश क्यों नहीं पढ़ता है? सुरेश से क्यों नहीं पढ़ा जाता है।
3. माली द्वारा बाग में फूलों के पौधे लगाये गये।
4. बिल्ली चूहे का पीछा करती है।
5. तुम गुरु की आज्ञा क्यों नहीं मानते है।
6. तुम क्यों रोते हो?
7. क्या तुमसे यह पुस्तक नहीं पढ़ी जाती?
8. उस सभा में किसके द्वारा भाषण दिया गया?
9. क्या शिशु सो गया?
10. सज्जन सबसे आदर पाते हैं।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (9)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. तुम भात और दाल क्यों नहीं खाते हो?
2. जबतक वह पूजा करता है, तबतक मैं संस्कृत पढ़ता हूँ।
3. वह निन्दा करता है और मैं प्रशंसा करता हूँ।
4. तुम सब और हम यहाँ खेलते हैं।
5. तुम क्या अनुभव करते हो।
6. शिक्षक प्रश्न पूछता है।
7. अखबार कौन पढ़ता है तुम या वह।
8. पक्षी उड़ते हैं।
9. बालक मिठाई खाता है।
10. यह आत्मा अमर है।

11. देह नश्वर है।
12. यह कमल है और वह पुस्तक।
13. राम वेद पढ़ता है और सीता गीता पढ़ती है।
14. आम मीठा होता है और इमली खट□ी।
15. मूर्ख सदा कोलाहल करते हैं।
16. राम बोलता है और श्याम लिखता है।
17. कौन गाता है कौआ या कोयल ?
18. संस्कृत भाषा ही भारत का जीवन है।
19. चार लड़के विद्यालय जाते हैं।
20. यहाँ एक हजार मनुष्य रहते हैं।
21. वह कन्या वृक्ष को सींचती है।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (10)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. व्याध बाण से हरिण को मारता है।
2. महाराज दशरथ राम के लिए विलाप करके मर गये।
3. रावण को मारकर श्रीराम ने लंका का राज्य विभीषण को दे दिया।
4. श्रीराम राक्षसों को जीतकर सीता के साथ अयोध्या लौटे।
5. हंसकर क्यों बोलते हो?
6. हम मिलकर काम करेंगे?
7. पेड़ बड़ा होकर फल देता है?
8. मैं लिखकर सूचित करूँगा?
9. फलों को चुन लाओ?
10. पुस्तकें लेकर मेरे साथ चलो।
11. मैं टहलने जाता हूँ।
12. धोबी कपड़े धोने जाता है।
13. पुस्तक पढ़ने के लिए है।
14. हममें शत्रुओं से लड़ने का साहस है।
15. वह संस्कृत पढ़ने का यत्न करता है।
16. मैं जाना चाहता हूँ।
17. अध्यापक छात्रों को उपदेश देना चाहते है।
18. वह अपने शत्रुओं को मारना चाहता है।
19. क्या तुम पुराण पढ़ना चाहते हो?
20. गुरु आज काशी जाना चाहते हैं।
21. हमें अपने गुरुजनों की सेवा करनी चाहिए।
22. बड़ो को प्रणाम करना चाहिए।
23. हम लोगों को अच्छा साहित्य पढ़ना चाहिए।
24. विद्यालय में देर से नहीं पहुँचना चाहिए।

25. परिश्रम करके निर्वाह करना चाहिए।
26. हमें अपना कर्त्तव्य पालन करना चाहिए।
27. असहाय मनुष्यों को देखकर मदद करनी चाहिए।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (11)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. अर्जुन ने जयद्रथ का वध किया।
2. राम ने रावण को वाण से मारा ।
3. मृग पानी पीने के लिए तालाब में गया।
4. वाल्मीकि ने मधुर छन्दों में रामायण लिखी।
5. रामचन्द्र ने लंका का राज्य विभीषण को दिया।
6. बोपदेव ने गुरु की सेवा की।
7. प्रजापति से संसार उत्पन्न हुआ।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (12)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. वह उद्यान तक जाता है।
2. झूठ बोलनेवाले को धिक्कार है।
3. वह सुख से जीता है।
4. उमेश आँख से काना है ओर रमेश कान से बहरा।
5. यह सोना कंगन के लिए है।
6. बिना प्रयत्न के कोई काम नहीं होता।
7. दूध से दही होता है।
8. वन में हिंसक जन्तु रहते हैं।
9. सीता का विवाह राम के साथ हुआ था।
10. सूरज के उगने पर प्रकाश होता है।
11. लड़के चटाई पर बैठते हैं और शिक्षक आसन पर।
12. अवकाश होने पर मैं पटना जाऊँगा।
13. वह आजकल घर है।
14. वह अग्रिम वर्ष परीक्षा में सम्मिलित होगी।
15. मेरा घर शहर से चार कोस पर है।
16. ईश्वर पर विश्वास करो।
17. गुरुओं पर श्र□ा रख।
18. वह सूर्य के उगने पर उठा।
19. हम लेखनी से लिखते हैं।
20. अन्धों में काना राजा।
21. वे अपनी माँ की सेवा सकते हैं।
22. यह व्याकरण पढ़ने वाला है।
23. नौकर के हाथ पुस्तक भेजो।

24. वह फसल से पशुओं को भगाता है।
25. कश्मीर से केरल तक सारा भारत स्वाधीन है।
26. मूर्ख पुत्र से क्या फायदा।
27. तुम स्वभाव से क्रोधी हो।
28. मुझे खाने को मिठाई दो।
29. छात्र शिक्षक को आज्ञा ले कर जाता है।
30. यह वीरता के कारण पुरस्कृत हुआ।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (13)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. भीम ने दुर्योधन का वध किया।
2. न्यायाधीश ने अपराधियों को दण्ड दिया।
3. चौदह वर्ष तक भरत ने अयोध्या की रक्षा की।
4. वे दिन बीत गये जब हम तुम साथ खेलते थे।
5. रमा ने मधुर गीत गया।
6. गिरे हुए पेड़ से श्यमा ने फल खाये ।
7. देव बकरे को गांव ले गया।
8. शिष्यों ने गुरु से शब्द का अर्थ पूछा।
9. मैंने जंगल में एक सिंह देखा।
10. रामचन्द्र ने लंका का राज्य विभीषण को दिया।
11. कल रात मैं जल्दी सो गया।
12. आज प्रेरणा विद्यालय नहीं गई?
13. बिल्ली ने चूहे को पकड़ा।
14. व्याघ्र को देखकर शिशु डर गया।
15. अनुराधा ने याचकों को धन दिया।
16. वाल्मीकि ने रामायण की रचना की।
17. राम ने रावण को बाण से मारा।
18. मोहन फल लाने के लिए बाजार गया।
19. आरुणि ने गुरु की सेवा की।
20. प्रजापति से संसार उत्पन्न हुआ।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (14)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. सिंह मृग मारकर गर्जन करता है।
2. सीता नहाकर पूजा करती है।
3. आचार्यों को प्रणाम कर वह परीक्षाभवन गया।
4. छात्रों को आदेश देकर गुरु कुटिया में चले गए।
5. घोड़े पर चढ़कर राजा जाता है।

6. तुम्हारे पत्रों को पाकर मैं अतीव प्रसन्न हुआ।
7. मेढ़क उछलकर जाता है।
8. दुर्जन लोग कार्यों को आरम्भ कर छोड़ देते हैं।
9. वह मुझे देखकर हँसती है।
10. गीतों को गाकर गायक पुरस्कार लेंगे।
11. हमलोग चलचित्र देखने के लिए जाते हैं।
12. कन्याएँ खेलने के लिए यहाँ आती हैं।
13. वह पढ़ने के लिए दिल्ली जाता है।
14. युवक फल लाने के लिए बाजार जाता है।
15. मनीषा खिलौनों के लिए रोती है।
16. वृ□ा कथा सुनने के लिए मन्दिर जाती है।
17. मैं विद्यालय जाना चाहती हूँ।
18. शिशु दूध पीने के लिए रोता है।
19. वह संगीत सीखने के लिए अध्यापिका के यहाँ जाती है।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (15)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. काला साँप भयानक होता है।
2. लाल स्याही से निमन्त्रण लिखो।
3. मैं कुछ गर्म दूध पीता हूँ।
4. जो फल अच्छे नहीं हैं, उन्हें फेंक दो।
5. गुणवान् पुरुषों का संग करो।
6. चतुर और गुणवान् बच्चे जीवन में सफल होते हैं।
7. इस वृक्ष के सूखे पत्ते गिरते हैं।
8. वह भिक्षु भूखा और प्यासा है।
9. सोनेवाला छात्र पढ़ेगा कब?
10. गीता की बहनें संस्कृत बोलने में (संस्कृतवदने) पटु हैं।
11. इस घर में कितने पुरुष रहते हैं?
12. मेरे पुस्तकालय में हजार पुस्तकें हैं।
13. हम तीन भाई और एक बहन है।
14. वर्ग में तीन बालिकाएँ और तीन बालक पढ़ते हैं।
15. दशरथ के चार पुत्र थे।
16. मेरी पांच पुस्तकें बिलकुल (सर्वथा) उपयोगी नहीं है।
17. भारत की आर्थिक योजना खरब से भी अधिक होती है।
18. वर्ग से बीस लड़के निकल गए।
19. राम को चार फल खाने के लिए दो।
20. कुन्ती के तीन और माद्री के दो पुत्र थे।

2.6 अभ्यासकेप्रश्न(16)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. वह बालक परीक्षा में द्वितीय हुआ।
2. वर्ग का चौथा छात्र कौन है?
3. मैं एकादशी में फलाहार करता हूँ।
4. इस गली में (अस्यां रथ्यायां) पचीसवाँ घर मेरा है।
5. गीता का दूसरा अध्याय विशेष पठनीय है।
6. परसों दिन मेरे विद्यालय का वार्षिकोत्सव होगा।
7. जनवरी की छब्बीसवीं तारीख को गणतन्त्र दिवस का महोत्सव होता है।
8. इस पुस्तक के आठवें पृष्ठ में किसका चित्र है?
9. आपकी तीसरी कन्या विवाह के योग्य है।
10. आज से तीसरे दिन मेरी परीक्षा प्रारम्भ होगी।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (17)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. उस लड़के का क्या नाम है?
2. तुम्हारे पिता कहाँ रहते हैं?
3. तुम क्या बोलते हो?
4. तुम सब क्यों नहीं पढ़ते हो?
5. वहाँ कौन रहता है?
6. वह स्वयं ही (स्वयम् एव) वहाँ गया था।
7. वह कब आयेगा–कौन जानता है?
8. तुम दोनों में कौन मेधावी है?
9. कृपया आप यहाँ बैठिए ।
10. जो जैसा (यादृशं) काम करता है, वह वैसा (तादृशं) फल पाता है।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (18)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. शायद आज पिताजी आ जायें।
2. शायद गुरुजी कल वाराणसी चले जायँ।
3. मैं वेदान्त पढ़ूं या न्याय?
4. तुम साधुओं की सेवा करो।
5. ऐसा करो जिसमें निन्दा न हो।
6. श्रीमन् ! क्या मैं भीतर आ सकता हूँ।
7. मनोहर! पढना शुरू करो।
8. योग्य पति प्राप्त करो।
9. सत्य एवं प्रिय बोलो।
10. अपनी आय बढ़ाओ और खर्च कम करो।

11. आज का काम कल पर मत छोड़ो।
12. अब तुम्हें विवाह कर लेना चाहिए।
13. अपने देश की सेवा करो।
14. सोने के पूर्व अपना पाठ याद कर लेना चाहिए।
15. व्यर्थ समय मत गंवाओ।
16. माता पिता और गुरु की सेवा करो।
17. कठोर वचन मत बोलो।
18. क्या मैं पानी पीने बाहर जाऊँ।
19. तुम सब नमस्कार करो।
20. आज छात्रों को अवकाश दीजिये।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (19)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. मैं कल महाविद्यालय नहीं जाऊँगी।
2. भारत–न्यूजीलैण्ड का मैच परसों होगा।
3. धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा।
4. यदि इस गहरे तालाब में तैरोगे तो डूब जाओगे।
5. श्याम और गोपाल उद्यान में रहते हैं।
6. मैं छात्रों के साथ विद्यालय में पढ़ूँगा।
7. तुम सत्य बोलोगे तो सुख पाओंगे।
8. कल कार्य समाप्त होगा।
9. ब्राह्मण वेदों को पढ़ेंगे।
10. सूर्य चमकेगा।
11. छात्र खेलने के लिए स्टेडियम जाएँगे।
12. स्त्रियाँ पानी लेने जायेंगी।
13. मेघ देखकर वन में मयूर नाचेंगे।
14. मैं आपको अच्छी–अच्छी पुस्तकें दूँगा।
15. गुरु छात्र से प्रश्न पूछेंगे।
16. कल संगीत की परीक्षा दूँगी।
17. किसान खेत में बीज डालेंगे।
18. सत्कर्म से परमात्मा मिलेगा।
19. वे कल पटना पहुँचेंगे।
20. वह आज या कल जायेगी।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (20)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. भक्तों से रामायण की कथा सुनी जाती है।
2. धनिकों से दान दिया जाता है।

3. राम द्वारा वन में ताड़का मारी गई।
4. मेरे द्वारा पत्र लिखा गया।
5. उसके द्वारा गीता सुनी गई।
6. दु:ख में गीत नहीं गाया जाता है।
7. विद्या सभी को पढ़नी चाहिए।
8. अपने आप ही दृश्य दीख पड़ता है।
9. मुझसे विदेशी वस्त्र नहीं पहना जाता है।
10. आपके द्वारा क्या कविता नहीं की जाती?
11. छात्रों के द्वारा श्लोकों को रटा जाता है।
12. शिष्यों के द्वारा प्रश्न पूछे जाते हैं।
13. तुम सबों के द्वारा समाचार लिखे जाते हैं।
14. शूरवीरों द्वारा शत्रुओं को जीता जाता है।
15. पक्षियों के द्वारा फल खाये जाते हैं।
16. कृषकों के द्वारा खेत में बीज बिखेरे जाते है।
17. गर्मी में अधिक जल पीया जाता है।
18. गुरु द्वारा छात्रों को व्याकरण का बोध कराया जाता है।
19. रावण द्वारा सीता हरी गयी।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (21)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. माली दर्शकों को उद्यान में फूल दिखाता है।
2. सूर्य कमलों को विकसित करता है।
3. विश्वामित्र ने राम और सीता का विवाह करवाया।
4. तुषार कमलों को मुरझा देता है।
5. सीता प्यासे को जल पिलाती है।
6. राजा सैनिकों से देश की रक्षा कराता है।
7. बिल्ली शिशु को डराती है।
8. रमा गीत से लोगों को विस्मित करती है।
9. स्वामी भृत्य से भोजन पकवाता है।
10. सीता राम से मारीच को मरवाती हे।
11. छात्र अभिभावकों से पुस्तकें खरीदवाते हैं।
12. इस सभा का आयोजक बालिकाओं से गवाता है।
13. अध्यापक छात्रों को संस्कृत पढ़ाते हैं।
14. विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण से ताड़का को मरवाया।
15. महाभारत के यु□ में श्रीकृष्ण ने पाण्डवों को जिताया।
16. प्राचार्य योग्य छात्रों को पुरस्कार दिलवाते है।

17. माँ बेटे को नहलाती है।
18. सरकार जनता को सूचना देती है।
19. ग्रामवासी प्रवचनकर्ता से कथा कहलाते हैं।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (22)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. वह भोजन पकाना चाहती है।
2. अब छात्राएँ भी विज्ञान पढ़ना चाहती हैं।
3. भक्त देवता का ध्यान करना चाहता है।
4. यह बालक घर जाना चाहता है।
5. शूरवीर संकट में भी हंसना चाहते हैं।
6. भिक्षुक भीख चाहता है।
7. मनुष्य सौ वर्ष जीने की इच्छा करे।
8. सुनील ज्ञान प्राप्त करना चाहता है।
9. बालक मिठाई खाना चाहते हैं।
10. वीर मातृभूमि की रक्षा करना चाहते हैं।
11. दार्शनिक जगत् के रहस्य को जानना चाहता है।
12. वीर दुष्टों को मारना चाहता है।
13. मैं एक गोष्ठी आयोजित करना चाहती हूँ।
14. बिल्ली चूहे को पकड़ना चाहती है।
15. शिशु दूध पीना चाहता है।
16. तुम क्या करना चाहते हो?
17. माली फूलों को चुनना चाहता है।
18. वह व्याकरण याद करना चाहता है।
19. शिशु चिड़ियाघर देखना चाहता है।
20. वृ□ा भागवतकथा सुनना चाहती है।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (23)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. यह गलती बार-बार क्यों होती है।
2. इस समय आतंकवादियों के अत्याचार अधिक होते हैं।
3. तुम बार-बार क्यों घूमते हो?
4. मोर बरसात में बहुत नाचते हैं।
5. वह चोर बार-बार चोरी करता है।
6. सरकार बार-बार टैक्स लेती है।
7. सेवकगण बार-बार चाय पीते हैं।
8. वह बीमारी में भी बारबार खा लेती है।

9. पृथ्वीराज चौहान ने शत्रुओं को बार-बार जीता।
10. मन्दिरों में भक्त बार-बार ईश्वर का गीत गाता है।
11. वह बार-बार खेती करता है।
12. दानी दीनों को बार-बार दान देता है।
13. सुधीर अपने खेतों को बार-बार सींचता है।
14. त्विषा बार-बार रसायनशास्त्र याद करती है।
15. सत्यव्रत मुझे बार-बार पत्र लिखता है।
16. संस्कृत के छात्र श्लोकों को बार-बार पढ़ते हैं।
17. आपके उपदेश बार-बार होते हैं।
18. सज्जन उपकारों को बार-बार याद करते हैं।
19. मेघना बार-बार नाचती और गाती है।
20. विद्यालय जाते समय शिशु बार-बार रोता है।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (24)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. महाविद्यालय में देर से नहीं पहुँचना चाहिए ।
2. विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों का आदर करना चाहिए।
3. हमें अपने कर्त्तव्य का पालन करना चाहिए।
4. तुम्हें अपनी पुस्तक जल्दी समाप्त करनी चाहिए।
5. समय व्यर्थ नहीं गँवाना चाहिए।
6. रात में जागना और दिन में सोना नहीं चाहिए।
7. आपत्ति के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए।
8. छात्रों का आचरण अच्छा होना चाहिए।
9. सैनिकों को देश के लिए प्राण देने चाहिए।
10. प्रातः उठकर ईश्वर की प्रार्थना करनी चाहिए।
11. स्वच्छ भोजन एवं शु□ जल पीना चाहिए।
12. निर्धन और असहाय मनुष्यों की सहायता करनी चाहिए।
13. अपने चरित्र की रक्षा करनी चाहिए।
14. यह पुस्तक पढ़ने के योग्य है।
15. ईश्वर का ध्यान करना चाहिए।
16. परिश्रम करके निर्वाह करना चाहिए।
17. स्वार्थ के लिए दूसरों को हानि नहीं करनी चाहिए।
18. अपनी संस्कृति का सम्मान करना चाहिए।
19. नीच पुरुष से भी उपदेश ग्रहण करना चाहिए।
20. सदा अच्छी पुस्तकें पढ़नी चाहिए।

2.6 अभ्यासकेप्रश्न(25)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. महाराज दशरथ राम के लिए विलाप करते–करते मर गये ।
2. विद्यालय जाकर मैं संस्कृत पढ़ूँगा।
3. रावण को मारकर राम अयोध्या लौट आए।
4. पुस्तकों को बिखेर कर छात्र विद्यालय चला गया।
5. नैनीताल जाकर हमने नौका विहार किया।
6. निर्धनों की इच्छाएँ चित्त में उठकर विलीन हो जाती हैं।
7. व्याकरण पढ़कर वह विद्वान् हो गया।
8. सुबह से शाम तक तुम यहीं ठहरो।
9. कन्याओ : पुस्तक खोलकर पढ़ो।
10. मैं पुस्तकें लेकर शाम को तुम्हारे यहाँ आऊँगी।
11. सिंह मृग को मारकर गर्जना करता है।
12. सीता नहाकर पूजा करती है।
13. नववधू ने आकर बड़ों को प्रणाम किया।
14. आचार्य को प्रणाम कर वह परीक्षा भवन गया।
15. छात्रों को आदेश देकर गुरु कुटिया में चले गए।
16. घोड़े पर चढ़कर राजा मन्दिर जाता है।
17. तुम्हारे पत्र को पढ़ कर मैं अतीव प्रसन्न हुआ।
18. मेढ़क उछल कर जाता है।
19. दुर्जन लोग कार्यों को आरम्भ कर मध्य में छोड़ देते हैं।
20. गीतों को गाकर गायक पुरस्कार लेंगे।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (26)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. हमलोग चलचित्र देखने के लिए जाते हैं।
2. बालिकाएँ खेलने के लिए यहाँ आती हैं।
3. वह पढ़ने के लिए दिल्ली गया।
4. युवक फल लाने के लिए बाजार जाता है।
5. वृ□ा कथा सुनने के लिए मन्दिर जाती है।
6. शिशु दूध पीने के लिए रोता है।
7. मेधा संगीत सीखने के लिए शिक्षिका के पास जाती है।
8. मनीषा खिलौनों के लिए जिद करती है।
9. मैं विद्यालय जाना चाहती हूँ।
10. हम गुरु को प्रणाम करके पढ़ने के लिए जाते हैं।
11. प्रात: उठकर पानी लेने के लिए महिलाएँ नदी पर जाती हैं।
12. मूर्खों को पण्डित भी पढ़ाने में समर्थ नहीं।

13. माताजी ने हमें दूध पीने के लिए दिया।
14. धन कमाने के लिए रोहित अमेरीका गया।
15. निधि संगीत प्रतियोगिता के लिए आगरा गई है।
16. रसोइया भोजन पकाने के लिए रसोई में गया।
17. राष्ट्रपति का भाषण सुनने के लिए सभी लोग यहाँ आए।
18. पिताजी कुम्भस्नान के लिए प्रयाग गए हैं।
19. भरत श्रीराम को देखने के लिए चित्रकूट गए।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (27)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. प्रा□जल दौड़ता हुआ गिर पड़ा।
2. वह समाचार पत्र पढ़ता हुआ चाय पी रहा है।
3. मीता गाती हुई नाच रही है।
4. दूध पीती हुई बिल्ली को रेखा ने डण्डे से मारा।
5. वह हँसता हुआ पत्र पढ़ रहा है।
6. राम जानते हुए भी असत्य बोलते है।
7. शङ्कर हँसते हुए गुरु से प्रश्न पूछता है।
8. कर्म करता हुआ मनुष्य सि□ को प्राप्त होता है।
9. सैनिक हँसते-हँसते यु□भूमि में गया।
10. काँपते हुए हाथों से परीक्षार्थी ने प्रश्न पत्र लिया।
11. नमस्कार करते हुए शिष्यों को गुरु ने आशीर्वाद दिया।
12. रात में पढ़ते हुए बालक सो जाते हैं।
13. दौड़ते हुए मृग का दुष्यन्त ने पीछा किया।
14. रावण ने राम को ईश्वर जानते हुए भी सीता नहीं दी।
15. गाँव को जाते हुए युवक ने फल एवं सब्जियाँ खरीदीं।
16. चोर पुलिस को देखता हुआ भी चोरी करता है।
17. दीपक प्रयत्न करता हुआ भी बैंक की परीक्षा में असफल हुआ।
18. व्याख्यान सुनकर उसकी आलोचना करते हुए लोग घर आ गए।
19. वे खेलते हुए भी हँसते है।
20. कॉपती हुई हरिणी पर शिकारी को दया आ गई।

2.6 अभ्यास के प्रश्न (28)

संस्कृत में अनुवाद करें :

1. यदि सूर्य न होता तो संसार में कौन जीवित रह सकता था।
2. यदि समय पर वर्षा हो जाती, तो अकाल न पड़ता।
3. यदि रात अंधेरी न होती, तो चन्द्रमा का गुण कौन जानता?

4. यदि रावण सीता का अपहरण न करता तो राम के हाथों उसकी मृत्यु न होती।
5. यदि दुर्योधन हठ न करता तो महाभारत का यु□ न होता।
6. यदि श्रीकृष्ण की सहायता प्राप्त नहीं होती तो पाण्डव कौरवों को जीत नहीं सकते थे।
7. यदि लालबहादुर शास्त्री जीवित होते तो संस्कृत का अधिक कल्याण होता।

2.7 पठनीय ग्रन्थ

1. संस्कृत में अनुवाद कैसे करें : उमाकान्त मिश्र शास्त्री
2. बृहद् अनुवाद-चन्द्रिका : चक्रधर नौढियाल 'हंस'
3. अनुवाद-कला : चारुदेव शास्त्री
4. अनुवाद-कौमुदी : दुर्गादत्त पन्त शास्त्री
   : प्रकाशचन्द्र शास्त्री

◆◆◆